

## एक नजर में



### आरती कर पौधों का वितरण किया

**उज्जैन।** हरसिद्धि मंदिर के पास हरसिद्धि व्यापारी एसोसिएशन द्वारा गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पंडाल में गणेश जी को स्थापना की गई है। हर रोज सुबह शाम व्यापारी एवं श्रद्धालु मिलकर गणेश जी की महाआरती कर रहे हैं और प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अचलनाथ महाराज, गब्बर बाबा, पंडित धर्मेंद्र जोशी एवं रोशन यादव उपस्थित थे। वीरेंद्र प्रताप सिंह दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गणेश चतुर्थी के उत्सव पर पर्यावरण को लेकर संदेश दिया गया वहीं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम में आए सभी को पौधों का वितरण किया गया। इस बार लोगों ने घर-घर मिट्टी के गणेश जी विराजित किए हैं, जिससे पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया जा रहा है। पंडित धर्मेंद्र जोशी ने संबोधित करते हुए कहां की सभी लोगों गणेश जी को अपने घर के गमले में ही विसर्जन करें और पर्यावरण का ख्याल रखें। इससे जल प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी और पर्यावरण को भी बचाया जा सकेगा। पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ और स्वच्छ रखने के लिए प्रयास करना चाहिए। पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने से हम पर्यावरण को बचाने में मदद कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में संगठन ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का महाकाल का दुपट्टा पहन कर अभिनंदन किया। गोलू कहर, दीपक परमार आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### युवा सम्मेलन हनुमान मंदिर पर हुआ

**उज्जैन।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा विंग के तत्वाधान में रविवार को लवखेड़ी हनुमान मंदिर पर युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इससे पहले अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सभी कार्यकर्ता नगर अध्यक्ष बादल सिंह चौहान के नेतृत्व में वाहन रैली लेकर घट्टिया प्रतापनगर लवखेडी हनुमान मंदिर प्रांगण में पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह तोमर, राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री राजेश सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंगद सिंह भदौरिया, युवा विंग के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष चंद्रविजय सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष बलवीर सिंह पंवार, युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह परिहार, राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान, नगर के अध्यक्ष बुद्धि सिंह सेंगर, राजेश सिंह भदौरिया अभिषेक सेंगर, दिग्विजय सिंह, नरेंद्र सिंह सोलंकी, दिनेश बना, शेर सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### शिक्षकों ने हमारा शिक्षक ऐप का किया विरोध

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग द्वारा हमारा शिक्षक ऐप जारी किया है। जिस पर शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। पर शिक्षकों द्वारा हमारा शिक्षक ऐप खोलकर अटेंडेंस लगाने में शिक्षकों के साथ फ्रॉड हो रहा है। इस संबंध में शिक्षक व प्राचार्य द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की है। राज्य अध्यापक संघ जिला अध्यक्ष शेख मोहम्मद हनीफ ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐप के माध्यम से शिक्षकों के साथ हो रही फ्रॉड से शिक्षक संगठनों में आक्रोश है। शिक्षा को ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि हमारा शिक्षक ऐप को तत्काल बंद किया जाए। महाराजवाड़ा क्रमांक-1 के प्राचार्य प्रमोद अग्रवाल को संदीप शर्मा नाम से दर्ज एक नंबर से कॉल आया, जिसमें माध्यमिक विद्यालय नागझिरी उज्जैन के प्रधानाध्यापक चैनसिंह मीमरोट के नाम पर पानी की समस्या व टीम की भोजन व्यवस्था के लिए 15,000 अकाउंट में ट्रांसफर करने का दबाव बनाया गया। पर शिक्षक द्वारा अमाउंट नहीं डाला गया और उसकी शिकायत थाने में करने की बात कही। संदेहास्पद नंबर घटना के बाद तुरंत बंद हो गया। घटना होने के बाद संयुक्त मोर्चा ने सभी शिक्षकों से ऐप अनइंस्टॉल कर उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि किसी शिक्षक या कर्मचारी के साथ ऐसी अप्रिय घटना होती है तो जिम्मेदारी उन अधिकारियों की होगी। घटना की जानकारी लगते ही ई-अटेंडेंस संघर्ष मोर्चा संयोजक मनोहर गिरी, राज्य कर्मचारी संघ के दीपक पुरोहित, ओ.पी. यादव, प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष डॉ. कैलाश बारोड़, शिक्षक महासंघ प्रेमप्रकाश पंड्या, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुषमा खेमसरा उपस्थित हुए और संयुक्त मोर्चा की एक आपातकालीन बैठक आयोजित कर ऐप का विरोध किया।

### ढोली बुवा महाराज को अर्पित की श्रद्धांजलि

**उज्जैन।** नाथ संप्रदाय की परम्परा का निर्वाहन करते हुवे विगत 100 वर्षो से भी अधिक समय से उज्जैयनी तीर्थ पर गंगा दशहरा, शिव नवरात्र व श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर ग्वालियर के संत पूज्य बालकृष्ण ढोली बुवा महाराज नारदीय कीर्तन व श्री हरि कथा सुना कर धर्म की धारा से आम जनमानस को जोड़ने का प्रयास करते रहे व सभी के जीवन मे अध्यात्म की ज्योति जगाते थे। पूज्य ढोली बुवा महाराज के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा मे ये वक्तव्य श्री रामानुजकोट पीठाधिश्वर स्वामी श्री रंगनाथाचार्य महाराजज़ी ने व्यक्त किये। पं यश जोशी ने बताया कि इस अवसर पर वरिष्ठ तीर्थपुरोहित धर्माधिकारी पं नारायण उपाध्याय, पं अमर डब्बावाला, पं उत्तम दूबे, पं अरविन्द उपाध्याय, प्रियंका जोशी, आरती वाजे ने महाराजश्री के जीवन पर प्रकाश डाला व उनके बतालये मार्ग का अनुसरण करने की बात कही। इस अवसर पर वैदिक बटुको द्वारा शांति पाठ किया गया जिसमे पं बालकृष्ण जोशी, पं विजय त्रिवेदी, पं संदीप नाहरवाला, पं. मनीष शास्त्री, पं वीरेंद्र त्रिवेदी, प्रतिष्ठा दूबे, पूनम दूबे, ज्योति व्यास, प्रिया व्यास, दीपिका जोशी, स्वाति उपाध्याय सहित बड़ी संख्या मे भक्त जन उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन पं गौरव उपाध्याय ने किया।

### रेल सेवा में बढ़ोतरी की मांग

**उज्जैन।** रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य मंगलचंद जाखड़ द्वारा उज्जैन व मालवा प्रांत में रेल सेवाओं में बढ़ोतरी के साथ आम यात्रियों को सुविधाएं मिले इसकी मांग रेल मंत्री को पत्र के माध्यम से की गई है। इंदौर हावड़ा इंदौर, इंदौर पटना इंदौर, डॉ. अंबेडकर रीवा डॉ. अंबेडकर ट्रेनों को नियमित किया जाए व कोटा हिसार कोटा को उज्जैन तक, दुर्ग भोपाल दुर्ग को उज्जैन तक, कोटा नागदा कोटा मेमो गाडी को उज्जैन तक तथा इंदौर पुणे इंदौर नई वंदे भारत स्लीपर, इंदौर अहमदाबाद इंदौर हाई स्पीड वंदे भारत इंदौर नई दिल्ली इंदौर हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की मांग की गई है और उज्जैन धनबाद झारखंड को जोड़ने के लिए नई ट्रेन चलाई जाए। यह सब अपने पत्र के माध्यम से रेल मंत्री जी को पत्र लिखकर मांग की गई है। चूंकि मालवा प्रांत कृषि, उद्योग, शिक्षा, धार्मिक स्थानों में आस्था के लिए पूरे देश यात्री आते हैं। रेल सेवा उनके लिए बेहतर विकल्प हैं। यह जानकारी भारतीय मजदूर संघ के जिला मीडिया प्रभारी गुलशन मंसूरी ने दी।

### दावा आपत्ति निराकरण समिति की बैठक 8 को

**उज्जैन।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी दी कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं की आनलाइन चयन प्रक्रिया में जारी अनंतिम सूची के विरूद्ध प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण किये जाने के लिए जिला स्तरीय दावा आपत्ति निराकरण समिति की बैठक आगामी 08 सितम्बर को दोपहर 01 बजे जिला पंचायत के सभागृह में आयोजित की जाएगी।

# उज्जैन में खोले गए खुशियों के द्वार, अब रोजाना जलप्रदाय पर विचार

## गंभीर लबालब, गेट नंबर 3 को खोला, बेहद कम बारिश के बावजूद 1 साल तक नहीं होगा जल संकट, वैकल्पिक नर्मदा का जल भी करेगा मदद

**उज्जैन। आखिरकार बाबा महाकाल की कृपा उज्जैन शहर पर एक बार फिर हो ही गई। चिंतामन गणेश ने भी गणेश चतुर्थी के दौरान जल संकट से मुक्ति दिलाई और नर्मदा के आने से भी काफी मदद मिलेगी। कुल मिलाकर 1 साल के लिए शहर में व्याप्त जल संकट दूर हो गया है।**



शहर का गंभीर डेम अब लबालब हो गया है। इंदौर के यशवंत सागर डेम से लगातार पानी आने के कारण रविवार सुबह उज्जैन के गंभीर डेम में पानी का स्तर 2250 एमसीएफटी से अधिक पहुंच गया। प्रशासन को सुबह गेट खोलने पड़े।

नर्मदा-क्षिप्रा लिंक पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, फिर भी गर्मी में जनता टैंकर और बोरिंग पर निर्भर रही। अब गंभीर डेम में पर्याप्त पानी है, तो रोजाना सप्लाई शुरू की जानी चाहिए। इधर महापौर मुकेश टटवाल से लेकर नगर निगम सभापति समिति कलावती यादव और जलकार्य समिति के सदस्य प्रकाश शर्मा ने भी पुनर्विचार करते हुए जलप्रदाय पर मंथन शुरू कर दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि नर्मदा भी उज्जैन पहुंच चुकी है जल संकट अब कभी भी नहीं होगा।

महापौर मुकेश टटवाल से भी अपील की गई है कि बोर्ड बैठक में जल्द निर्णय लेकर शहरवासियों को रोजाना पानी उपलब्ध कराया जाए। अब देखना यह है कि नगर निगम कब फैसला लेता है और गंभीर डेम की प्रचुरता का लाभ शहर की जनता को मिलता है या नहीं।

### इंदौर से उज्जैन तक पानी की यात्रा

इंदौर, देपालपुर और गौतमपुरा क्षेत्र में भारी वर्षा हुई। यशवंत सागर डेम भर जाने के बाद वहां के गेट खोले गए। पानी की अधिकता सीधे उज्जैन के गंभीर डेम तक पहुंची। रविवार सुबह नगर निगम और पीएचई विभाग के अधिकारी गंभीर डेम पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। जलकार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा ने कहा भगवान बिल्केश्वर जल देवता की कृपा से एक ही रात में गंभीर डेम लबालब हो गया। गेट नंबर 3 को डेढ़ मीटर तक खोला गया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अब जब गंभीर डेम भर चुका है और ओवरफ्लो हो रहा है तो जनता को रोजाना पानी मिलना चाहिए। गर्मी के मौसम में एक दिन छोड़कर सप्लाई दी गई और पूरा शुल्क वसूला गया। अब पानी की कमी का कोई बहाना नहीं चलेगा।



### नए डेम और पाइपलाइन पर विचार

गंभीर डेम वर्षों पुराना हो चुका है, वह आसपास से कच्चा भी है, और वहां के ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिकल तमाम सामग्रियां बहुत पुरानी हो चुकी है। इसी के साथ शहर में बिछाई गई पाइपलाइन को भी वर्षों हो चुके हैं, ऐसे में गंभीर डेम को लेकर आए दिन कोई न कोई समस्या व्याप्त हो जाती है। टंकियां भरने में भी काफी दिक्कतें होती है। ऐसे में कई बार फॉल्ट होने की वजह से जलप्रदाय नहीं हो पता है। लोगों को पीने के पानी में काफी समस्या होती है। ऐसे में अब मांग उठने लगी है कि वर्षों पुराने डेम की बजाय शहर में एक और नया डेम बनाया जाना चाहिए। साथ ही वर्षों पुरानी पाइप लाइन को भी बदल देना जाना चाहिए। नई पाइप लाइन सिंहस्थ मद से भी यदि डाली जाती है तो यह एक अच्छा अवसर होगा और जनता को जल प्रदाय में सुविधा होगी।

# बदमाश ने महिला और वृद्ध का एटीएम कार्ड बदलकर निकले रुपए

## पुलिस ने बैंक से प्राप्त किया फुटेज, तलाश के लिए टीम गठित

**उज्जैन। भारतीय स्टेट बैंक शाखा के एटीएम पैसे निकालने पहुंची महिला और वृद्ध का बदमाश ने एटीएम कार्ड बदल दिया और 88 हजार रुपए निकाल लिये। खाते से रुपए निकलने के मैसेज मिलने पर मामला चिमनगंज थाने पहुंचा। पुलिस को बदमाश के फुटेज मिले हैं। जिसके आधार पर उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं।**

आगररोड संजय नगर में रहने वाले 65 वर्षीय छगनलाल पिता नानूराम राठौर का एटीएम खराब हो गया था। उन्होने बैंक से नया एटीएम जारी कराया था। 28 अगस्त को एटीएम आने पर वह चिमनगंज मंडी स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम पहुंचे। वहां रुपए निकालने की 2 मशीने लगी थी, युवक ने कहा कि पास वाल मशीन खराब है, नया एटीएम कार्ड होने पर छगनलाल को पिन नंबर डालना था। युवक ने मदद का झांसा दिया और पिन नम्बर देख लिया। उसने वृद्ध को बातों में उलझाया और एटीएम कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद छगनलाल के मोबाइल पर पांच मैसेज आये। जिसमें खाते से 10-10 हजार कुल 50 हजार रुपए निकलना सामने आया। उन्हे शंका हुई तो एटीएम कार्ड देखा जो उनके नाम का ना होकर किसी सीताराम के नाम पर था। उन्होंने मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर की। पुलिस ने शिकायती आवेदन प्राप्त कर जांच का आश्वासन दिया। छगनलाल ने बताया कि उन्होने बच्चों की शादी के लिये पैसे जमा किये थे। बताया जा रह है कि भारतीय स्टेट बैंक शाखा एटीएम पर बदमाश ने उमा राठौर नाम की महिला को भी अपना शिकार बनाया। महिला का बच्चा अस्पताल में भर्ती था। वह रुपए निकालने पहुंची थी, जहां पहले से खड़े युवक ने मशीन खराब होना बताया। महिला ने रुपए निकालने का प्रयास किया उसी दौरान बदमाश ने पिन कोड देख लिया और महिला की मदद का झांसा देकर एटीएम बदल लिया। महिला एटीएम से बाहर आई अस्पताल पहुंची तो उसके खाते से भी 38 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन होने का मैसेज सामने आया। महिला ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर की।

### ठेला चालक बुजुर्ग को ऑटो ने मारी टक्कर, मौत

उज्जैन। आगर रोड पर ठेला चालक बुजुर्गों को रविवार दोपहर ऑटो ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल बुजुर्ग अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। चिमनगंज थाना क्षेत्र आगर रोड स्थित इंदिरा नगर चौराहा पर ठेला लेकर जा रहे बुजुर्ग को तेजगति से आई आटो ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे लोगों की मदद से अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। दुर्घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मृतक की पहचान के प्रयास शुरू किए गए कुछ देर में ही सामने आया कि मृतक बुजुर्ग आगर रोड पर बालू रेती की दुकान पर काम करता था। जिसका नाम मुन्नालाल पिता प्यारेलाल राय 66 वर्ष है। वह दुकान पर ही रहता था और ठेला चलाकर अपना जीवन यापन कर रहा था। पुलिस ने दुकानदार से संपर्क कर परिजनों की जानकारी जुटाने पर सामने आया कि इंदिरा नगर में बड़ा भाई पन्नालाल रहता है। जिसे घटना की जानकारी दी गई। अस्पताल पहुंचे भाई ने बताया कि मुन्ना लाल 15 सालों से बालू रेती की दुकान पर ही रहकर काम कर रहा था और घर नहीं आता था। उसका विवाह भी नहीं हुआ था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने बॉडी परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सोपी वहीं ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।


# रिमांड पर लाखों के आभूषण चुराने वाली गैंग का एक बदमाश

## चार साथियों की तलाश, डेढ़ माह पहले की थी वारदात

**उज्जैन।** पंथपिपलाई स्थित आभूषण दुकान में डेढ़ माह पहले हुई लाखों की चोरी में पुलिस को सुराग मिल गया है। वारदात को बांछड़ा-बंजारा गैंग ने अंजाम दिया था। पुलिस गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। जल्द मामले का खुलासा किया जा सकता है।

सैफरान प्रीमियम कालोनी में रहने वाले गिरीराज गुप्ता पंथपिपलाई में बने मकान से आभूषण दुकान संचालित करते है। 1 जुलाई की शाम वह दुकान बंद कर परिवार के साथ सांवरिया सेठ के दर्शन करने चले गये थे। दूसरे दिन सुबह ग्राहक दुकान पर पहुंचे तो ताला खुला दिखाई दिया। आभूषण लेने के लिये गिरीराज गुप्ता को कॉल किया तो उन्होंने बाहर होने की बात कही। ग्राहक ने ताला खुला होने की जानकारी दी तो गिरीराज ने पड़ोसी को भेजा। दुकान में चोरी होना सामने आया था। बदमाश लाखों का सोना और आभूषण ले गये थे। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने सुराग तलाशने के प्रयास शुरू किये। फुटेज में बदमाशों की गैंग दिखाई दी। जिसके आधार पर तलाश शुरू की गई। डेढ़ माह बाद सामने आया कि बदमाश बांछड़ा-बंजारा गैंग से जुड़े हैं और नीमच क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिनकी तलाश में दबिश दी गई, गैंग से जुड़ा एक बदमाश हरीश बंजारा हिरासत में आ गया। जिसे पिपलिया रूंडी से गिरफ्तार कर लाया गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। गैंग के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जायेगा।

# भाजपा की बैठक में निर्णय, 1 सितंबर को हल्ला बोल, कांग्रेस कार्यालय करेंगे घेराव




**उज्जैन।** कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्व. माताजी के लिए अपमान जनक टिप्पणी किए जाने के विरोध स्वरूप 1 सितम्बर, सोमवार को दोपहर 4 बजे भाजपा नगर व महिला मोर्चा द्वारा विशाल हल्ला बोल रैली एवं कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार आगामी कार्यक्रमों को लेकर भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें तय किया गया कि प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के नेतृत्व में नगर भाजपा व महिला मोर्चा द्वारा 1 सितंबर को दोपहर 4 बजे स्थानीय चामुण्डा माता चौराहे से लेकर कांग्रेस कार्यालय तक विशाल हल्ला बोल रैली एवं कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक को संबोधित भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने किया। बैठक को सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं से आव्हान किया। इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव, राजेंद्र भारती, सत्यनारायण खोईवाल, जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, मुकेश यादव, कमल बैरवा, कल्याण शिवहरे, दिनेश जाटवा, राकेश पंड्या, पंकज मिश्रा, प्रमिला यादव, सोनल जोशी सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने किया। आभार जगदीश पांचाल ने माना।

# प्रेस क्लब पर कलेक्टर रोशन सिंह ने किया पूजन व आरती





**उज्जैन।** प्रेस क्लब तरणताल कोठी रोड कार्यालय पर दस दिवसीय गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत स्थापित गणेश जी की प्रतिमा पर प्रतिदिन किसी न किसी अधिकारी द्वारा आरती और पूजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को उज्जैन जिले के कलेक्टर रोशन सिंह के द्वारा पूजा अर्चना की जाकर महाआरती की गई। तत्पश्चात प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा का मोतियों की माला एवं महाकाल बाबा का अंग वस्त्र ओढ़ाकर कलेक्टर का आत्मीय अभिनंदन किया गया। पूजन व आरती के दौरान प्रेस क्लब पर चार दर्जन से अधिक पत्रकार उपस्थित थे।

**राधा अष्टमी मनी** | जन्मोत्सव पर झूमे भक्त, प्रवचन, महाआरती सहित कई कार्यक्रम हुए

# इस्कॉन में राधा अष्टमी पर अभिषेक ड्रायफ्रूट्स व मावे के पकवान अर्पित

**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** भरतपुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में रविवार को राधा अष्टमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर राधा रानी व मदन मोहन जी की प्रतिमा का पंडितों ने पंचामृत, फलों के रस से अभिषेक-पूजन किया गया। ड्रायफ्रूट्स व मावे से बने पकवानों का भोग लगाया गया। भजनों पर भक्त झूमे। राधा-मदनमोहन जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया।

राधा जी के जन्मोत्सव पर बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। इस्कॉन मंदिर उज्जैन के पीआरओ राघव पंडित दास ने बताया कि आरती, गुरु पूजा के बाद श्रीमद् चंद्रमौली स्वामी महाराज के प्रवचन हुए। फिर राधा मदन मोहन का अभिषेक कर जन्मोत्सव पर दोपहर में महाआरती की गई। गोशाला में गो पूजा भी हुई। भक्तों ने राधा जी के भजन गाए और नृत्य किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजन-अभिषेक के दौरान दर्शन का लाभ लिया।



### उज्जैन के भक्त ने महाकाल में दान किया चांदी का मुकुट

उज्जैन के योगेश, राकेश व मनीष बजाज ने रविवार को महाकाल मंदिर में रुद्राक्ष, चांदी का बेलपत्र जड़ित मुकुट दान किया। मंदिर समिति के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने सामग्री प्राप्त कर दानदाता का सम्मान किया।




### नेतन, उमेश शर्मा ने किए महाकाल दर्शन

महाराष्ट्र की प्रसिद्ध गायिका कु. नेतन शर्मा, उमेश शर्मा ने रविवार को महाकाल दर्शन किए। उन्होंने कहा कि यहां आकर ईश्वर के प्रत्यक्ष साक्षात्कार के साथ चमत्कारिक ऊर्जा का विलक्षण अनुभव हुआ। वे महाकाल लोक का भ्रमण कर भाव विभोर हो गए।

### दमदमा पर 2 को मनाया जाएगा तेजा दशमी पर्व

**उज्जैन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तेजा दशमी का पर्व श्रीनागचंद्रेश्वर मंदिर दमदमा पर 2 सितंबर मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रचार सचिव सुरेश रायकवार ने बताया कि हजारों भक्तजन दिनभर दर्शन का लाभ लेंगे एवं अपनी मन्नत के पूरी होने पर निशान को अर्पण करेंगे। दोपहर में भजन कीर्तन के साथ दोपहर 2 बजे से निशान चल समारोह मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होता हुआ गाजे बाजे के साथ वापस मंदिर पर पहुंचेगा। जहां सामूहिक रूप से निशान बाबा को अर्पण किए जाएंगे। शाम को बाबा की आरती होगी एवं नुक्ती का प्रसाद वितरण होगा। विजय परमार, कमल विश्वकर्मा, महेश विश्वकर्मा, टीटू मालवीय, राजू भाई पेंटर, पंडित सीताराम शर्मा, राधे श्याम विश्वकर्मा, अशोक परमार, कुलदीप परमार, हरीश गहलोत, आयुष मोड, तनिष्क, लव गहलोत, कुश आदि ने तेजादशमी पर्व श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन पूजन कर धर्मलाभ लेने का अनुरोध भक्तों से किया है।